आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 343 ● कटनी ● गुरुवार, 20 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# कोरोना ने तोड़ा 8 महीने का रिकॉर्ड

## मौत का दैनिक आंकड़ा 350 के पार

**24 घंटे में 3 लाख से अधिक नए मामले**



**नई दिल्ली।** कोरोना के दैनिक मामलों में रिकॉर्ड इजाफा देखने को मिला। बुधवार को तीन लाख से अधिक नए मामले सामने आए। आपको बता दें कि रात ग्यारह बजे तक 3,04,416 केस सामने आ चुके थे। कुछ राज्यों के आंकड़े आने बाकी थे। इससे पहले भारत ने पिछली बार 15 मई को (3,11,077) को 3 लाख से अधिक मामले दर्ज किए थे। आपको बता दें कि तीसरी लहर में इस आंकड़े को छूने में सिर्फ 23 दिन ही लगे हैं। दूसरी लहर में करीब 60 दिन लग गए थे। विभिन्न राज्यों के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, रात 11 बजे तक 356 लोगों की मौत हुई थी। इसे देखते हुए मंगलवार को मरने वालों की संख्या 357 के आंकड़े को पार करने की संभावना है। आपको बता दें कि हम जो आंकड़े बता रहे हैं उनमें पंजाब, झारखंड और त्रिपुरा के आंकड़े शामिल नहीं हैं। देश में 27 दिसंबर से शुरू हुई कोरोना की तीसरी लहर में रोजाना के संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। तीसरी लहर में अब तक करीब 31 लाख नए मरीज मिल चुके हैं। इनमें से 6,912 लोगों की मौत हो चुकी है।

### भारत में 50 लाख से ज्यादा की जान गई

**नेचर में दावा**

नई दिल्ली । दुनिया भर में 2019 से फैली कोरोना महामारी से हुई मौतों का असल आंकड़ा सरकारों द्वारा जारी आंकड़ों से दो से चार गुना तक ज्यादा है। ब्रिटेन की प्रतिष्ठित पत्रिका नेचर ने एक शोध के आधार पर यह दावा किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से 55 लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। नेचर में प्रकाशित एक नए शोध में दावा किया गया है कि मौतों की वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक हो सकती है।दुनियाभर में बहस जारी है कि क्या विभिन्न देश विश्व मंच पर अपनी बदनामी व छवि खराब होने के डर से कोविड-19 की मृत्यु दर को छिपाते हैं? नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट में लंदन में इकोनॉमिस्ट द पत्रिका द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले तरीके व आंकड़ों के आधार पर यह दावा किया है।



### मध्य प्रदेश में कोरोना के रैपिड टेस्ट पर रोक


**भोपाल,** । कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। संक्रमण नियंत्रित करने की खातिर स्वास्थ्य विभाग अब रैपिड एंटीजन टेस्ट के बजाय आरटी-पीसीआर जांच पर ही फोकस कर रहा है। इसकी वजह यह है कि रैपिड जांच की सटीकता कम है। लिहाजा सरकार ने रैपिड एंटीजन टेस्ट पर रोक लगा दी है। अब प्रदेश सरकार आरटी-पीसीआर टेस्ट पर फोकस कर रही है। फीवर क्लीनिक के अलावा मोबाइल टेस्टिंग वैन से आरटी-पीसीआर की जांच होगी। संभवत् हफ्ते भर के भीतर यह सुविधा शुरू हो जाएगी।स्वास्थ्य विभाग ने टेंडर के जरिए आउटसोर्स लैब का चयन किया है। इसमें 150 रुपये प्रति सैंपल के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग की ओर से आउटसोर्स कंपनी को भुगतान किया जाएगा। ये मोबाइल आरटी-पीसीआर टेस्ट लैब जबलपुर, छतरपुर और शहडोल जैसे जिलों में तैनात की जाएंगी। स्वास्थ्य आयुक्त सुदाम खाडे ने सभी जिलों के कलेक्टर, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को पत्र लिखकर आरटी-पीसीआर सैंपल का डेली टारगेट और मैप की गई लैब की सूची भेजी है।

## नया प्रयोग अब एक्स-रे से पता चलेगा कोरोना है या नहीं



**स्कॉटलैंड ।** स्कॉटलैंड में वैज्ञानिकों के एक समूह ने कोरोना महामारी को लेकर नया प्रयोग किया है। इसके तहत अब एक्स-रे(ङ्ग-ह्ड्ड4ह्य) का उपयोग करके पता लगाया जा सकेगा की मरीज को कोरोना है या नहीं। यहां तक कि वैज्ञानिकों ने इसे 98 फीसदी तक सटीक माना है। परीक्षण किसी व्यक्ति के अंदर वायरस की उपस्थिति का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करता है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि यह आरटी-पीसीआर परीक्षण से तेज होगा और इसका परिणाम 5 से 10 मिनट के अंदर आ जाएगा। बता दें कि आरटी-पीसीआर की रिपोर्ट आने में एक घंटा से भी अधिक लग जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से एक त्वरित और विश्वसनीय उपकरण की आवश्यकता थी जो कि कोविड-19 का पता लगा सके। इतना ही नहीं एक्स-रे के माध्यम से ओमिक्रॉन वैरिएंट का भी जल्द से जल्द पता लग जाएगा।

## पशुओं के लिए भारत की पहली कोविड-19 वैक्सीन तैयार




**हिसार ( हरियाणा ) ।** हरियाणा के हिसार में स्थित केंद्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने पशुओं के लिए देश की पहली कोरोना वैक्सीन तैयार करने में सफलता हासिल की है। सेना के 23 कुत्तों पर इसका ट्रायल सफल हो चुका है। वैक्सीन लगने के 21 दिन बाद कुत्तों में कोरोना वायरस (कोविड-19) के खिलाफ एंटीबॉडी देखी गई।कुत्तों पर सफल ट्रायल के बाद अब गुजरात के जूनागढ़ स्थित सक्करबाग जूलॉजिकल पार्क के 15 शेरों पर ट्रायल की तैयारी है, जिसे गुजरात सरकार से अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जाएगा। इसके बाद वैक्सीन को बाजार में उतारकर पशुओं का भी टीकाकरण किया जा सकेगा। वैक्सीन को विकसित करने वाले संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि सॉर्स कोरोना वायरस (कोविड-19) जानवरों में कुत्ता, बिल्ली, शेर, चीता, तेंदुआ, हिरण में प्रमुखता से देखने को मिला है। कुछ माह पहले चेन्नई स्थित चिड़ियाघर में मृत शेर में कोविड-19 वायरस की पहचान की गई थी। जांच में पता लगा कि उसकी मौत कोविड के डेल्टा वैरिएंट से हुई थी।

## कोरोना के चलते ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट रद्द

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को रद्द कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के बाद समिट को रद्द करने का फैसला लिया गया है।औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रोहन सक्सेना ने कहा, च्कोविड 19 की तीसरी लहर के कारण समिट को रद्द कर दिया गया है। अब यह इस साल के अंत में आयोजित किया जाएगा। नई तारीखें कोविड-19 की स्थिति का आकलन करने के बाद तय की जाएंगी। सभी निवेशकों को इसकी जानकारी दी जा रही है।

## मप्रमें 24 घंटे में फिर ओला-बारिश का अलर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 24 घंटों के दौरान दो बार मौसम बदलेगा। अगले 24 घंटे में दिन और रात के तापमान 2 से 3 डिग्री ब?ेगा। पाकिस्तान से आने वाली ठंडी हवा 21 जनवरी से सक्रिय हो जाएगी। इससे शुक्रवार से प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और ओले गिर सकते हैं। 24 जनवरी से फिर कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। 5 दिन तक शीतलहर चलेगी। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि 21 और 22 जनवरी को भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश और ओले गिर सकते हैं। 23 जनवरी को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। यह बारिश का अंतिम दौर हो सकता है।वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि जनवरी के आखिरी सप्ताह में कड़ाके की ठंड रहेगी। करीब पांच दिन तक प्रदेश के कई इलाकों में शीतलहर चल सकती है। इससे दिन में भी ठिठुरन ब? जाएगी।उत्तरी बांग्लादेश के ऊपर चक्रवातीय गतिविधियां सक्रिय हैं।

## लोकायुक्त ने उतरवाई पटवारी की पैंट

### जप्त किए रिश्वत में लिए गए 35 हजार



**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के फतेहपुर रोड पर अपने घर में बने ऑफिस में पटवारी अभिनव चतुर्वेदी को नामांतरण के बदले 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त की टीम ने गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त की टीम ने जब वहां रेड मारी तो पटवारी और उसके परिजनों ने पुलिस टीम के साथ जोर-जबरदस्ती की। इसके बाद पटवारी ने रिश्वत में ली गई रकम के साथ वहां से भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद पटवारी ने रिश्वत लेने के आरोप से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस को रिश्वत की रकम जब्त करने के लिए पटवारी की पेंट तक उतरवानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, फतेहपुर रोड पर पटवारी अभिनव चतुर्वेदी का घर है और घर पर ही उसने अपना ऑफिस बनवा रखा है। पटवारी ने राजेन्द्र उर्फ रिंकू जैन से मकान के नामांतरण के बदले 35 हजार की रिश्वत की मांग की। रिश्वत की बातचीत के साथ राजेंद्र जैन ने इसकी शिकायत लोकायुक्त को की थी। पटवारी अभिनव चतुर्वेदी ने रिश्वत के पैसे लेने के लिए राजेंद्र जैन को घर पर बुलाया।

## महाराष्ट्र नगर पंचायत चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत

मुंबई। महाराष्ट्र नगर पंचायत चुनाव के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 1,649 सीटों में से 384 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वहीं बुधवार को महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने दावा किया था कि उनकी पार्टी राज्य में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी है और 24 नगर पंचायतों का नेतृत्व कर सकती है। इन चुनाव परिणामों के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए नई चिंता खड़ी हो सकती है। राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार शाम को नतीजों की घोषणा की, जिसके मुताबिक भाजपा को को 384 और एनसीपी को 344 सीटें मिली हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक कांग्रेस ने 316 सीटें जीती हैं, जबकि शिवसेना चौथे स्थान पर रहकर सिर्फ 284 सीटें जीती है। इन चुनाव परिणामों में 206 निर्दलीय प्रत्याशियों की भी जीत हुई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि गढ़चिरौली जिले की 9 नगर पंचायतों में मतगणना गुरुवार को होगी। महाराष्ट्र में भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल का कहा है कि राज्य में 106 नगर पंचायतों के लिए चुनाव हुए, इन सभी नगर पंचायकों में भाजपा ने अब तक 400 से अधिक सीटें जीती हैं।

**भारतीय सेना की तत्काल कार्रवाई**

## चीनी सेना ने सकुशल लौटाया अगवा भारतीय युवक को



**इटानगर ।** अरुणाचल प्रदेश से चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी द्वारा अगवा किया गया 17 वर्षीय किशोर मिराम टैरोन सकुशल भारत लौट आया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक इस घटना की जानकारी होने के तुरंत बाद भारतीय सेना की तरफ से पीएलए से संपर्क किया गया था। भारतीय सेना ने चीनी सेना के इस कदम पर सख्त आपत्ति जताई थी। हालांकि पुष्टि होने के बाद युवक को सकुशल वापस भारतीय सीमा में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश के सांसद तापिर गाव ने दावा किया था कि अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले के एक 17 वर्षीय किशोर का पीएलएल ने अपहरण कर लिया है। सांसद ने बुधवार कहा कि चीनी सेना पीएलए ने मंगलवार को सेउंगला इलाके के लुंगटा जोर इलाके से बच्चे का अपहरण किया था इस बच्चे की पहचानन मिराम टैरॉन के रूप में की थी। गाओ ने समाचार एजेंसी को बताया कि टैरॉन के दोस्त जॉनी येइंग ने PLA द्वारा अपहरण के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी अरुणाचल प्रदेश से लापता हुए युवक मिराम तरोन की घटना के संबंध में सूचना मिलने पर भारतीय सेना ने तुरंत PLA से संपर्क किया । इसके बाद युवक को लौटा दिया गया।

## मप्र के छोटे शहरों में भी शतक लगा रहा कोरोना

### 2 संक्रमितों की मौत, इंदौर सबसे बड़ा हॉटस्पॉट

भोपाल। मध्यप्रदेश में कोरोना की बढ़ती रफ्तार के बीच मौत का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। दो दिन के अंदर 7 संक्रमितों की मौत हुई है। 24 घंटे में 2 लोगों की मौत रिकॉर्ड की है। एक ग्वालियर तो दूसरी सागर में हुई। कोरोना का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट इंदौर बना हुआ है। यहां 3 हजार के पार संक्रमित मिले। भोपाल दूसरे नंबर पर है, यहां 1710 केस आए हैं। ग्वालियर में 640 नए मरीज मिले हैं। जबलपुर में भी 520 संक्रमित मिले हैं। हाल यह है कि अब छोटे शहरों में भी कोरोना शतक या शतक के पास पहुंच गया है। सिंगरौली में 107 केस मिले, जबकि मुरैना-भिंड, दतिया जैसे जिलों में सौ के करीब पहुंच गया। बुधवार को पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया का 12 दिनों बाद फिर से कोरोना टेस्ट किया गया है। आठ जनवरी को उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उसके कुछ दिनों बाद वह ठीक हो गए और 15 जनवरी को सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल भी हुए थे। लेकिन, बुखार होने के बाद बुधवार को वो एक बार फिर से संक्रमित मिले हैं। उनकी पत्नी भी कोरोना की चपेट में आ गई हैं। खुद सिसोदिया ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है।24 घंटे में इंदौर में 3005 नए मरीज मिले हैं।




## एक कमरा, एक अंगीठी, 5 मौतें एक जिंदा...कौन हत्यारा ?

### दिल्ली का ओल्ड सीमापुरी इलाके की घटना, पति पर शक !



**नई दिल्ली।** एक छोटे से कमरे में पति-पत्नी और चार बच्चे रात को सोए थे। अगले दिन दोपहर के बाद पुलिस को मां और तीन बच्चों की बॉडी कमरे में पड़े होने की कॉल मिली। पुलिस पहुंची तो पता चला कि बच्चों का पिता छोटे बच्चे को अस्पताल ले गए हैं। जीटीबी अस्पताल में पता किया तो वहां नहीं मिले। तफ्तीश में पता चला कि वह हेडगेवार अस्पताल में हैं, जहां छोटे बच्चे को भी मृत करार दिया गया है। आला अफसरों ने मौके का मुआयना किया तो कमरे में अंगीठी होने से कार्बन मोनो-ऑक्साइड गैस से दम घुटने की आशंका लग रही थी। लेकिन बच्चों के पिता ने खुद के भी उसी कमरे में सोने का खुलासा किया तो जांच की दिशा बदल गई। पुलिस अफसरों के मुताबिक, परिवार के मुखिया मोहित उर्फ कालिया ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि रात को कमरे में अंगीठी जली थी। वह, पत्नी राधा, बेटी कोमल, रोशनी, बेटा नितिन और आरव भी सो गए थे।

## राष्ट्र की प्रगति में ही हमारी प्रगति : पीएम



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आज यानी गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्था के द्वारा 'आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर', कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। इस कार्यक्रम में स्वर्णिम भारत के लिए भावना भी है, साधना भी है। इसमें देश के लिए प्रेरणा भी है, ब्रह्मकुमारियों के प्रयास भी हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र की प्रगति में ही हमारी प्रगति है। हमसे ही राष्ट्र का अस्तित्व है और राष्ट्र से ही हमारा अस्तित्व है। ये भाव, ये बोध नए भारत के निर्माण में हम भारतवासियों की सबसे बड़ी ताकत बन रहा है। आज देश जो कुछ कर रहा है उसमें सबका प्रयास शामिल है।हालांकि इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी एक बार असहज भी नजर आए जब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनका नाम लेते हुए कहा कि देश में हिंसा और तनाव का माहौल व्याप्त है। सीएम गहलोत ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि देश में भाईचारा, शांति और सद्भाव मजबूत हो और इसकी आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि देश में तनाव और हिंसा से छुटकारा मिले ये आपकी, हम सबकी इच्छा है। गहलोत ने कहा कि मैं समझता हूं कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज को और देश को आगे बढ़ा सकते हैं, जहां पर शांति और विकास होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम एक ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जिसमें भेदभाव की कोई जगह न हो। एक ऐसा समाज बना रहे हैं, जो समानता और सामाजिक न्याय की बुनियाद पर मजबूती से खड़ा हो। हम एक ऐसे भारत को उभरते देख रहे हैं, जिसकी सोच और अप्रोच नई है, और जिसके निर्णय प्रगतिशील हैं। दुनिया जब अंधकार के गहरे दौर में थी, महिलाओं को लेकर पुरानी सोच में जकड़ी थी, तब भारत मातृशक्ति की पूजा, देवी के रूप में करता था। हमारे यहां गार्गी, मैत्रेयी, अनुसूया, अरुंधति और मदालसा जैसी विदुषियां समाज को ज्ञान देती थीं। पीएम मोदी ने कहा कि कठिनाइयों से भरे मध्यकाल में भी इस देश में पन्नाधाय और मीराबाई जैसी महान नारियां हुईं। अमृत महोत्सव में देश जिस स्वाधीनता संग्राम के इतिहास को याद कर रहा है, उसमें भी कितनी ही महिलाओं ने अपने बलिदान दिये हैं।

# जाड़े में कांप रहे लोग, हर घर में सर्दी, खांसी,बुखार के मरीज



**कटनी।** जनवरी के माह में ऐसी ठंड कम ही देखने को मिलती है खास तौर पर मकर संक्राति के बाद । कोरोना के इस गंभीर हालात में ठंड ने लोगों को और भी ज्यादा परेशान कर रखा है। कटनी जिले में पिछले करीब एक पखवाड़े से पहले बारिश फिर बादलों और अब मौसम साफ होने के बाद हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोग परेशान है। मौसम के कारण हर घर में सर्दी खांसी बुखार के मरीज हैं। अधिकांश लोग घरेलू इलाज से ठीक होने की कोशिश में जुटे हैं। क्योंकि उन्हे डर है कि अगर अस्पतार जाते हैं और कोरोना टेस्ट पाजीटिव निकला तो शामत आना तय है। उधर चिकित्सकों ने इस मौसम का असर सबसे ज्यादा बुजुर्ग तथा बच्चों पर होना बताया है लिहाजा बेहद सावधानी से लोगों को रहने की सलाह दी है।

मकर संक्रांति के बाद भी जिले का पारा बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है। 19 जनवरी को जिले का न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री रहा। इससे लोग कंपकपाते रहे। अक्सर मकर संक्रांति के बाद सूर्य देव तेज हो जाते हैं। इससे तापमान बढ़ जाता है लेकिन इस बार पिछले दिनों से पारा 5 डिग्री के आसपास ही बना है। इससे मौसम में ठंडक बनी है। लोग कंपकंपा रहे हैं। आज 20 जनवरी को घने कोहरे के साथ सुबह का आगाज हुआ। 9 बजे के बाद सूर्य भगवान के दर्शन हुए। हालांकि सूर्य का प्रकाश पूरे दिन रहा लेकिन ठंड कम नहीं हुई। इस दौरान शीत लहर के जोर के आगे सूर्य की किरणें भी बेवस दिखाई दी।

प्रभावित रही दिनचर्या = सुबह से कोहरा होने के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित दिखी। सर्द हवाएं सुबह से शुरू हो गईं। शहर सहित जिले के तापमान में पिछले सप्ताह से उतार-चढ़ाव हो रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में काफी ठंडक घुल गई। बारिश खुलने के बाद सुबह से ही कोहरा छाने लगा है। सुबह-शाम लोग कड़ाके की ठिठुरन से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं।मौसम में आए परिवर्तन के कारण पिछले तीन दिनों से प्रतिदिन कोहरा छाने के साथ कंपकंपाने वाली सर्दी ठिठुरा रही है। ठंड की मार बढ़ने लगी है। रात को कंप-कंपाती सर्दी के कारण सात बजे ही सड़कों पर सन्नााटा छा जाता है।

### बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

लगातार बढ़ रही ठंड से लोग बीमार भी हो रहे हैं। एक हफ्ते में मौसम के बदले मिजाज के कारण मौसम शुष्क भी हो गया है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। कोहरे और ठंड के कारण लोग गले का दर्द, खांसी, जुकाम, सिरदर्द सहित अन्य कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सामान्य दिनों के मुकाबले सर्दी के कारण 40 से 50 मरीजों की संख्या रहती है। वहीं आजकल बढ़कर 250 से 350 के करीब पहुंच गई है।

# घबराएं नहीं..यह गुंडे नहीं, निगम कर्मचारी हैं



**कटनी।** कोई वर्दीधारी अगर डंडा लेकर गुजरते लोगों को रोके तो समझ में आ जाता है। लेकिन जींस टी शर्ट के साथ मुंह में कपड़ा बांधे हाथ में मोटा सा लठ लिए अगर आपके वाहन के सामने आ जाए तो निश्चित ही लगेगा कि कोई बदमाश आपको रोह रहा है। वैसे तो शहर में मास्कको लेकर चल रही चेकिंग को कोई भी गलत नहीं कहेगा लेकिन चेकिंग का जो तरीका फिलहाल नगर निगम का दिख रहा है उससे कोई भी उचित नहीं कह सकता। बिना किसी वर्दी के जहां तहां सड़क पर मौजूद नगर निगम के मास्क चेकिंग करने वाला दस्ता आपको दिख जाएगा जो डंडे के बल पर आपको मास्क लगाने की नसीहत देगा। सिर्फ नसीहत ही नहीं बल्कि आपसे सौ रूपए भी वसूलेगा। इस तरीके पर लोगों को ऐतराज होना स्वाभाविक है। लोगों का कहना है कि नगर निगम के डंडा लेकर खड़े यह कर्मचारी बेहद बदतमीजी से गाड़ियां रोकते हैं। इसके बाद वह लोगों से अभद्रता भी करते हैं। ऐसे में अक्सर राहगीरों से इनकी झड़प होती रहती है। लोगों को मास्क के लिए जागरूक करना निहायत जरूरी है लेकिन और भी तरीके हो सकते हैं। बहरहाल नगर निगम के इस मास्क लगवाने वाले अभियान में कितने लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया गया यह तो पता नहीं लेकिन इससे हुई वसूली के आंकड़े निगम के द्वारा जारी किये गये हैं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मंगलवार शाम माधवनगर गेट में नगर निगम की टीम में शामिल आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने वाहनों की जांच की। जांच के दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को रोका जा रहा था, जो बगैर मास्क के शहर की सड़कों से गुजर रहे थे। बगैर मास्क के शहर की सड़कों से निकलने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ नगर निगम की टीम द्वारा चालान काटे गए। नगर निगम की टीम ने बगैर मास्क लगाए वाहन चालकों से दो सौ रुपए का जुर्माना भी वसूल किया।

## संक्षिप्त

### कटनी जिले में लगातार चीतल के शिकार को प्रदेश सरकार ने लिया गंभीरता से



**कटनी।** कटनी जिले में चीतल का शिकार पर गंभीर तथ्य सामने आए हैं। चीतल शिकार का पहला मामला ग्राम भिटौनी में सामने आया। यहां सरोज कुमार लुनिया के घर की तलाशी लेने पर चीतल का लगभग 5 किलोग्राम मांस जब्त किया गया। आरोपी सरोज कुमार की निशानदेही पर महाकौशल फार्म हाऊस पिपरौध के चौकीदार भरत बर्मन निवासी बरमोह, सिविल माइंस कंपनी पिपरौध चौकीदार राजबहादुर सिंह निवासी जयंतीनगर, सुंदर सिंह लुनिया निवासी भिटौनी, नयाराम लुनिया निवासी भिटौनी, आशीष लुनिया निवासी भिटौनी को दबिश देकर हिरासत में लिया गया। उनके पास से चीतल का सिर, चमड़ा, हथियार व अन्य अवशेष के जब्ती की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धारा पर अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया। चीतल शिकार के दूसरे मामले में सिलौंडी वन विभाग की टीम ने पाली गांव से चार आरोपियों को दबोचा। इन्हे 18 जनवरी को न्यायालय में पेश किये जाने के बाद जेल भेज दिया गया। जांच के दौरान पाली गांव से संतोष यादव(32) के घर से वन विभाग की टीम ने रविवार देररात को दबिश देकर हिरण का पका हुआ मांस जब्त किया। मौके पर ही आरोपी को मांस सहित वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग की पूछताछ में संतोष ने बताया कि वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ पाली और मारसिहुड़ी गांव के बीच खेत में हिरण का शिकार कर उसे मारकर कुल्हाड़ी से उसके मांस के टुकडे टुकड़े किए, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने पाली निवासी दीपक गडारी (25), मारसिहुड़ी निवासी शिवकुमार बैगा (23) और मनोज बैगा (20) को गिरफ्तार किया। वन विभाग ने चारों आरोपियों के बताये अनुसार खेत से हिरण का खून मांस और शरीर के अन्य अंगों के साथ ही शिकार के दौरान उपयोग में लाई गई कुल्हाड़ी जब्त किया। कटनी जिले में चीतल के शिकार की गूंज अब प्रदेश स्तर तक है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन मंत्रालय ने इसे गंभीरता से लिया है।

# पुरानी वसूली की नई तारीख से जनता को चूना

## कोरोना के पहले दौर के बिजली बिल की वसूली, सरकार ने बना दिया जनता को मामू

***कटनी। मध्यप्रदेश की सरकार या तो लोगों को चूना लगा रही है या फिर विपक्षीदलों को अब तक समझ ही नहीं आया कि बिजली के पुराने बिलों की वसूली का यह मामला क्या है। मजेदार बात यह है कि दोनों की अपनी अपनी जगह खुश है उपभोक्ताओं को भी खुशी इस बात की है कि उनका बिल माफ हो गया पर सरकार ने बेहद होशियारी से उस कहावत को चरितार्थ कर दिया जिसमें कहा जाता है लाठी भी न टूटे और...***




दरअसल कोरोना के प्रथम कार्यकाल में मध्यप्रदेश की राजनीतिक में भी जोरदार चेंज हुआ था। एक दिन में सब कुछ बदल गया। कमलनाथ की सरकार अंक गणित में परास्त हुई तो फिर से मामा राज आ गया। फिर क्या था सरकार बनने की खुशी भाजपाईयों में सिर चढ़ रि बोल रही थी। आनन फानन घोषणाओं को पिटारा खुला तो सबसे पहले याद आई बिजली ग्राहकों की। सरकार ने घोषणा की कि बिजली बिल की वसूली नहीं होगी। लोगों के बिल जीरो आए। अब जब एक साल गुजरा तो विद्युत कंननियों को बंपर घाटा नजर आया और जब इस पर मंथन हुआ तो पता लगा कि बिजली बिल माफ करने के कारण यह घाटा उठाना पड़ रहा है। सरकार ने फिर से वसूली की योजना बनाई लेकिन इसका नाम दिया समाधान योजना । लोग कुछ समझ पाते कि फिर से समाधान योजना का यूं प्रचार प्रसार किया गया जैसे मानों सरकार बकाया बिलों पर सरचार्ज माफ कर उपभोक्ताओं पर बड़ा अहसान करने जा रही है। जबकि यह सामाधान नहीं सीधे सीधे उस पुराने बिजली बिल की वसूली थी जिसे लोग भूल चुके थे या फिर इसे लेकर सरकार को खूब आशीर्वाद दे चुके थे। बहरहाल अब समाधान योजना के तहक वसूली फिर से चल रही है और इसमें भी सरकार अपनी मेहरबानी दिखाते वसूली की डेट बढ़ा कर वाहवाही लूट रही है।

### फिर से शुरू हो गई है योजना

बिल प्रिंट होने के बाद फिर से योजना लागू कर दी गई है। अब 31 जनवरी तक उपभोक्ता फार्म भर सकते हैं। ऐसे में जिन क्षेत्रों में ज्यादा बिल चले गए हैं वे वर्तमान महीने का बिल जमा कर बाकी के बिल में समाधान योजना का लाभ लेकर बिल जमा कर सकेंगे। जो बिल नहीं बंटे हैं वहां पर सुधार के बाद बिल भेजे जाएंगे। पांच डीसी में भी योजना का लाभ उठा सकेंगे। योजना के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन भी भरे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं के यह भी कहा गया है कि ज्यादा बिल आने से घबराएं नहीं बल्कि योजना के तहत लाभ उठाएं। जो पुरानी राशि जुड़ी है उस आधार पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी नहीं होगी, जो कार्रवाई होगी वह नए बिल जमा न करने पर होगी।

### शहर में यह है स्थिति

जानकारी के अनुसार 31 अगस्त 2020 की स्थिति में विद्युत विभाग कंपनी शहर संभाग अंतर्गत समाधान योजना अंतर्गत कुल 22453 उपभोक्ता पात्रता श्रेणी में है, जिनकी मूल राशि 867.88 लाख एवं अधिकार 145.7 लाख रुपए बकाया है। वर्तमान में शहर संभाग अंतर्गत कुल 10792 उपभोक्ताओं द्वारा लाभ लिया गया है, जिसमें 7863 उपभोक्ताओं को 108.80 लाख की राशि माफ की गई है। वहीं दूसरे विकल्प में 2932 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा चयन किया गया, जिसमें 72.35 लाख की राशि माफ की गई है। शेष उपभोक्ताओं के आवेदन कार्यालय में प्राप्त किए जा रहे हैं।

### कटनी जिले में बिजली के कर्जदार

बता दें कि जिले में एक लाख 37 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिल पुराना बकाया है। 60 करोड़ रुपये की राशि अस्थिगित की गई थी। जिसे वसूलना शुरू किया गया है। पूर्व में 15 हजार लोगों ने ही योजना का लाभ उठाने फार्म भरा था। अभी गांव में 244 लोगों ने ही फार्म भरा है। ऐसे में फार्म न भरने पर पूरी राशि जुड़कर आ जानी है। बिलिंग चालू हो गई है। कटनी जिले में 23 डीसी हैं, जिसमें से 6 डिसी सिटी में हैं व 17 डीसी ग्रामीण क्षेत्र में है। ग्रामीण के 5 डीसी के बिल प्रिंट हो गए हैं, जिन्होंने विकल्प नहीं भरे हैं, उनके बिल में पूरी राशि जुड़कर आ गई है। इसमें अमाड़ी, स्लीमनाबाद, सिलौड़ी, उमरियापान और तेवरी के बिल वितरण हो चुके हैं। गांव में 98 प्रतिशत लोगों ने योजना के तहत फार्म नहीं भरा है।

# मानव जीवन को एक नई दिशा दी




**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में आज ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त दिवस अवसर पर प्रात: मुरली क्लास तत्पश्चात बाबा के तैल चित्र समक्ष भोग अर्पित किया गया और पुष्पांजलि दी गई इस अवसर पर बी के लक्ष्मी बहन ने बताया कि यह दिवस हमें विशेष रूप से सम्पूर्णता की स्थिति को प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा त्याग और तपस्या की जीती जागती मिसाल है। उन्होंने परमात्मा के बताए हुए मार्ग पर चलकर मानव जीवन को एक नई दिशा दी। जिस राह पर चलकर आज लाखों लोगों ने अपने जीवन की बगिया में खुशियों के फूल खिलाए हैं। उन्होंने मानव को यही बताया कि जैसे हमारे संकल्प होंगे वैसी हमारी सृष्टि बनेगी। ऐसे दिव्य महान विभूति की अव्यक्त दिवस के अवसर पर हम उन्हें पुष्प सुमन अर्पित करते हुए यही संकल्प लेते हैं हम उनके बताए हुए मार्गों पर चलकर मानव जीवन को सुखमय बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर संस्था के उप सेवा केंद्र कैमोर मे भारती बहन रोशननगर मे सुमन बहन चाका मे सबिता बहन झिंझरी मे ज्योति मंगलनगर मे अनीता बहन निवार मे बरखा कन्हवारा मे चमन रीठी मे किरण के नेतृत्व मे भोग लगाया गया अंत में सभी भाई बहनों को भोग वितरित किया गया दिन भर मौन ध्यान योग भट्टी का कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम मे दुर्गा बहन नेहा पूजा गुड्डी सुरेश संजय भाई का सहयोग रहा

### मोमबत्ती में बोर्ड परीक्षा की तैयारी!

**कटनी।** बिजली विभाग द्वारा पूरे गांव की बिजली काटे जाने से परेशान उपभोक्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर जताया विरोध दर्ज कराया, ग्रामीणों ने कहा-जिन लोगों ने पैसा जमा नहीं किया है, बिजली विभाग उनसे जमा करवाए, पूरे गांव की बिजली काटना कहां उचित है। इससे वे लोग भी परेशान हो रहे हैं, जिन्होंने बिजली का पूरा बिल जमा किया है। बिजली विभाग की मनमानी के कारण ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिन छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन चल रही है, उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक है

नीरज सिनेप्लेक्स में



अंतिम 4 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 4 दिन



रोजाना 3 शो तारीख 15 से 1, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(FLAT RATE 100/-)
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 4 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से



PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 20 जनवरी 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# एस्केलेटर के लगने से यात्रियों को प्लेटफार्म पर चढ़ने में मिलेगी सुविधा

## कटनी स्टेशन में एस्केलेटर का शुभारंभ

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे का कटनी स्टेशन अब रेल सुविधाओं के लिए पहचाना जाने लगा है। इस स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर रेल मंडल द्वारा लगाए गए एस्केलेटर से अब बुजुर्ग, महिला एवं दिव्यांग यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने में सुविधा होगी। कटनी स्ट्रेशन से प्राप्त होने वाले रेल राजस्व को देखते हुए अभी कटनी में और कार्य किए जा सकते हैं। इस आशय की बात सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कटनी स्टेशन पर नवनिर्मित एस्कलेटर के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। एस्के्लेटर लोकार्पण समारोह में सांसद का स्वागत अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने तथा कटनी मुड़वारा के विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव का स्वागत वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने किया। इस अवसर पर अपने स्वाागत भाषण



में एडीआरएम श्री गुप्ता ने जबलपुर मंडल द्वारा कटनी स्टेशन के विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह एस्केलेटर लगातार 20 घंटे चलने की क्षमता रखता है। तथा प्रतिदिन लगभग 5 से 6 हजार यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचाने का कार्य करेगा। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक संदीप जायसवाल ने जबलपुर-इंदौर ओवरनाईट एक्सप्रेस को कटनी से प्रारंभ करने के साथ ही कटनी मुड़वारा में सभी गाड़ियों के ठहराव की बात रखी। प्लेटफार्म क्रं. 1 पर स्थापित किए गए इस एस्केलेटर का रिपिन काटकर शुभारंभ सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जनप्रतिनिधियों तथा रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में किया। समारोह में कटनी के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस विक्रम, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता संजय मनोरिया, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। समारोह के अंत में श्री रंजन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रिटायर्ड पंचायत एडिटर अंनत प्रसाद खरे का निधन

कटनी। विजयराघवगढ़ विधायक कार्यालय के प्रभारी एवं पूर्व रिटायर्ड पंचायत एडिटर अंनत प्रसाद खरे का



आज गुरूवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही विधायक कार्यालय सहित स्नेहीजनों में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर एक बजे सिंचाई विभाग के पीछे दुबे कालोनी स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार नदीपार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी सं या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से कामना की।

### विधायक संजय पाठक ने जताया शोक

विजयराघवगढ़ विधायक कार्यालय के प्रभारी अंनत प्रसाद खरे के निधन पर विधायक संजय पाठक ने गहन शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं खरे परिवार पर आए इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# अगले 20 दिन बूथ विस्तारक योजना के लिए महत्वपूर्ण

## कटनी में अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो कटनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बूथ विस्तारक योजना से प्रत्येक कार्यकर्ता जुड़ेगा। संगठन पर्व के इस महाभियान ऐतिहासिक अभियान बने इसके लिए अगले 20 दिन प्रत्येक कार्यकर्ता जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक न सिर्फ इससे सीधा संवाद बनेगा वरन हमें बूथ तक अपनी पार्टी की स्थिति की सही सही जानकारी भी प्राप्त होगी। प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र जामदार ने कार्यशाला को सम्बोधित किया तथा विस्तारक योजना की प्रत्येक बारीकियों से उपस्थित विस्तारकों को अवगत कराया। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, आदि मौजूद रहे संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने किया।

## रक्तदान शिविर में पहुंचे सांसद

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में भाजयुमो द्वारा चलाये जा रहे है विवेकानंद सप्ताह के अंतर्गत भाजयुमो द्वारा गहोई धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। कार्यक्रम में विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, जिला प्रभारी संजय साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि समाज कल्याण कार्य में एकजुटता के साथ आगे आकर रक्तदान व सेवा कार्य में सम्मिलित हों। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। कोरोना महामारी से बचाव व रोकथाम के लिए पार्टी कार्यकर्ता लगातार जनसेवा कर रहे हैं।



## कोहरे में लिपटी रही सर्द रात



कंपकपा देने वाली ठंड के बीच बीती रात घने कोहरे में सड़क पर दृश्यता कम कर दी। कुछ दूरी पर चलने वाले वाहन भी नजर नहीं आ रहे थे। घने कोहरे की वजह से हाइवे पर वाहनों की रफ्तार कम रही।

# शराब सस्ती और दुकानें होंगी दोगुनी

**कटनी।** प्रदेश में शराब की दुकानें दोगुनी कर दी गई हैं। नई पॉलिसी में शराब सस्ती भी की जा रही है। यही नही करोड़पति लोग अब अपने घर में बार भी खोल सकेंगे। एयरपोर्ट, मॉल और सुपरबाजार में भी शराब मिला करेगी। मंगलवार को शिवराज कैबिनेट ने आबकारी नीति 2022-23 के जिस 19 सूत्री मसौदे को मंजूरी दी है उसका मुख्य लक्ष्य दस हजार करोड़ के घाटे की भरपाई करना है। इसी बजह से सरकार ने नीति में कई बदलाव किए हैं। लेकिन सरकार के प्रवक्ता ने इस नीति के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश नही डाला था। उन्होंने सिर्फ यह कह कर बात आगे बढ़ा दी थी कि फिलहाल राज्य में शराब की कोई नई दुकान नही खोली जाएगी।लेकिन जब मसौदा सामने आया तब यह पता चला कि सरकार दस हजार करोड़ कमाने के लिए बहुत कुछ करने जा रही है। नई आबकारी नीति के मसौदे के पहले पैराग्राफ में कहा गया है कि जीएसटी घाटे की भरपाई की व्यवस्था खत्म होने की बजह से दस हजार करोड़ का नुकसान होगा। इसकी भरपाई आबकारी के जरिये ही की जा सकती है। इसकी भरपाई के लिए सरकार जो सबसे पहला कदम उठाने जा रही है। वह है शराब की कीमतों में 20 फीसदी की कमी।शराब सस्ती होगी तो ज्यादा बिकेगी। सरकार की कमाई बढ़ेगी। नई



नीति के मुताबिक अब देसी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देसी शराब भी बेची जाएगी। मतलब साफ है बिना नई दुकान खोले ही दुकानें दोगुनी हो गई। अब शराब की दुकान पर गरीब अमीर का फर्क नही होगा। जहां बाबू लोग अंग्रेजी की बोतल लेंगे वहीं पर दिहाड़ी मजदूर अपना पौवा खरीद सकेगा।शराब के अहातों में भी देसी और विदेशी के ग्राहक साथ बैठकर शराब पी सकेंगे। अब शराब की दुकानों की जगह भी बदली जा सकेगी ताकि बिक्री पर कोई विपरीत असर न पड़े।आखिर आमदनी में बीस फीसदी बढ़ोत्तरी जो करनी है। सरकार प्रदेश में आने वाले पर्यटकों का विशेष ख्याल रखने जा रही है। सभी पर्यटन स्थलों पर शराब मुहैया कराए जाने की व्यवस्था की जाएगी।साथ ही सभी हवाई अड्डों पर भी शराब बेची जाएगी। मॉल और सुपर मार्केट में भी वाइन बिक्री काउंटर खोले जाएंगे। आदिवासियों का भी खास ख्याल नई आबकारी नीति में रखा गया है। हैरिटेज मदिरा नीति के तहत महुआ के फूल से शराब बनाने के पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गयी है।आदिवासी महुये से जो शराब बनाएंगे उस पर टैक्स नही लगेगा। सरकार सबसे बड़ा तोहफा प्रदेश के करोड़पतियों को दे रही है। अब वे अपने घर में अपना निजी बार खोल सकेंगे। इसके लिए उन्हें हर साल सरकार को पचास हजार रुपये देने होंगे। कुल मिलाकर नई आबकारी नीति के जरिये शिवराज सरकार दस हजार करोड़ का घाटा पूरा करना चाहती है। इसके लिए वह हर संभव कोशिश करेगी।

# ऑटो चालकों की समस्या दूर करने आगे आई कांग्रेस पार्टी

## कॉफी हाउस में हुई बैठक, ऑटो चालको ने बताई परेशानियां

**कटनी।** कटनी शहर के ऑटो चालक इन दिनों आरटीओ विभाग द्वारा आए दिन दी जाने वाली आर्थिक प्रताड़ना से तंग आ चुके हैं। कभी फिटनेस, प्रदूषण तो कभी परमिट या फिर कभी अन्य कागजातों को लेकर भारी भरकम जुर्माना वसूला जा रहा है। ऑटो चालकों की इन्हीं परेशानियों को दूर करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला की मौजूदगी में कॉफी हाउस में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऑटो चालक संघ से अमित यादव, उमेश पाठक आदि ने बताया कि कभी आरटीओ विभाग तो कभी यातायात पुलिस द्वारा भारी भरकम जुर्माना वसूला जाता है। कोरोना के बाद वैसे भी ऑटो चालक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। आए दिन जुर्माना वसूले जाने से ऑटो चालक खासे परेशान हैं। उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष



हरिशंकर शुक्ला ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि ऑटो चालकों की समस्याएं शिविर लगाकर दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल, शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, संजय सिंह गोरा, जालिम यादव, उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शहर देवीदीन गुप्ता, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अमित सिंह, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष रवी जायसवाल एआईटी सेल अध्यक्ष अंकित चतुरवेदी, आटो चालक संघ से अमित यादव, उमेश पाठक, अशोक पटेल, बिजय पयासी, शयामलाल रजवानी, किशोरी बेन आदि सदस्य उपस्थित रहे।



युवाओं को किया जा रहा प्रशिक्षित, बनेंगे आत्मनिर्भर, छूटेगी मजदूरी

# प्रोजेक्ट उन्नति से खुलेंगे युवाओं की उन्नति के रास्ते, 85 को मिला प्रशिक्षण

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से कौशल विकास व क्षमतावर्धन करने का कार्य करने के साथ ही लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में जिले में भी काम किया जा रहा है। जिले में जिला पंचायत सीईओ जगदीशचंद्र गोमे के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट उन्न्ति अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत मनरेगा श्रमिक जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच है और उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में 100 दिवस का कार्य पूर्ण किया है, उनका कौशल उन्नयन, क्षमतावर्धन कर आजीविका का सुदृढ़ करने व आंशिक रोजगार से पूर्ण रोजगार की ले जाने प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत काम किया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना द्वारा रोजगार के लिए प्रशिक्षण, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्वरोजगार प्रशिक्षण व कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से आजीविका गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसको लेकर जिले के समस्त विकासखंडों से चयनित हितग्राहियों में से 85 सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। जिसमें हितग्राही स्वयं या उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं। इन सदस्यों को सब्जी उत्पादन, सिलाई, कृषि, मुर्गीपालन, मोबाइल रिपेरिंग, बकरी पालन, मोटर ड्राइविंग, आदि का प्रशिक्षण दिया गया है। सदस्य डीडीयूजीकेवाई प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में प्रशिक्षणरत हैं और अन्य शेष सदस्यों को आगामी माह में विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन – 150/-
3 दिन – 250/-
7 दिन – 500/-
15 दिन – 1200/-
30 दिन – 1800/-
साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622–230033
Email :– katni@yashbharat.com

# कोविड प्रोटोकॉल का उल्लघंन 1400 पर चालानी कार्यवाही

**कटनी।** कोविड - 19 संक्रमण के प्रसार पर रोकथाम एवं बचाव हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला कटनी श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देशों के परिपालन एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगरपालिक निगम कटनी के अतिक्रमण अमलें एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में अभियान चलाकर कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन न करनें वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम कटनी नें जानकारी देते हुए बताया कि जारी निर्देशों के परिपालन में संक्रमण की रोकथाम की दृष्टि से निगम के स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगा एवं स्वाच्छता प्रभारियों द्वारा आज नगर के विभिन्न जोन में अभियान चलाया गया। अभिान के दौरान नदी पार बस स्टेण्ड माधवनगर गेट, आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित रपटा पेट्रोल पंप के पास



सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग न करने वालों पर 8200 रूपये की चालानी कार्यवाही की जाकर नागरिकों को मास्क पहनकर ही घर से निकलनें की समझाईश दी गई। निगम के अतिक्रमण दस्त द्वारा भी नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना अभियान चलाया जाकर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन करनें वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के.गर्ग नें बताया कि अतिक्रमण अमले द्वारा आज नगर के मुख्य बाजार मार्गो कोतवाली तिराहा, गांधी द्वार एवं दुर्गा चौक क्षेत्र में कोविड प्रोटोकॉल का पालन न करने वालों पर 6200 रूपये की चालानी कार्यवाही कुल 14400 रुपये की चालानी कार्यवही की गई। वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लानें के उद्धेश्य से अतिक्रमण वाहन के माध्यम से नगर के विभिन्न मार्गो में मुनादी का कार्य कराया जाकर नागरिकों एवं 15 से 18 वर्ष के उम्र के बच्चों को वैक्सीनेशन करानें हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 16 / खनिज / 2021 कटनी, दिनांक 07/01/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स / श्री / सास्वत ऐसोसिऐट प्रा0लि0 निवासी मनंगज दमोह जिला दमोह (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.07.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 5188 दिनांक 13.10.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | रीठी | धनिया | 01 | 3.00 | शासकीय भूमि | एम.सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 3.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

G-21606/21

# हर तरफ बजबजा रही गंदगी तो कैसे बदलेगी गांव की तस्वीर

**कटनी। ग्राम पंचायत के जिम्मेदार ही जब गैर जिम्मेदार बन जाएं तो गांव में विकास की गंगा कैसे बह सकती है। पंचायत में ग्राम विकास सहित अन्य सरकारी योजनाओं के तहत सरकार द्वारा राशि दी जाती है, लेकिन पंच से लेकर सरपंच, सचिव, सह सचिव एवं इनके ऊपर रहने वाले जिम्मेदार अधिकारी सग्गामित्ती कर उक्त राशि की बंदरबाट कर लेते हैं। विकास कार्यों के लिए योजनांतर्गत सरकार द्वारा प्राप्त राशि पर थोड़ा बहुत दिखावे या आधा अधूरा कार्य छोड़कर कार्य पूरी तरह से हो चुका है ऐसी बातें कागजी कार्यवाही पूर्ण कर लेखाजोखा बराबर कर लिया जाता है। कहा रहा है कि जब मंदिर समेत पूरे गांव में गंदगी बजबजा रही तो क्षेत्र का कैसे होगा विकास। कुछ ऐसी ही स्थिति जिला पंचायत की ग्राम पंचायत देवरीटोला के पोषक ग्राम मतवारी में मां जगतजननी दुर्गा माता की मढिया परिसर सहित बस्ती के सभी वार्डों में जहां-तहां लगभग सदैव बनी रहती है। स्वच्छता से लेकर गांव विकास के सभी कार्यों में पंचायत के जिम्मेदार हमेशा देखी-अनदेखी कर रहे हैं।**

## ग्राम पंचायत देवरीटोला में राशि की बंदरबाट, ग्राम मतवारी की बस्ती के हर वार्ड में गंदगी का आलम





### बस्ती का गंदा पानी एकत्रित हो रहा मां के दरबार में

बस्ती के घरों से निकलने वाला निस्तार का गंदा पानी मां के दरबार में एकत्रित होकर गंदगी बजबजा रही है और तो और दुर्गंध व गंभीर बीमारी को भी बढ़ावा दे रहा है। मतवारी ग्रामीणों द्वारा बताये अनुसार बस्ती से होकर मढिया के ठीक सामने नाली निर्माण और फर्सीकरण के लिए लगभग 2 से 3 लाख की सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में अच्छी खासी राशि प्राप्त हुई थी। प्राप्त कुछ राशि से यहां नाली निर्माण कार्य कराया गया वह भी अधूरा छोड़ दिया गया। पानी नहीं निकलने के कारण नाली में गंदा पानी भरा हुआ है। इतना ही नहीं बारिश के दिनों यहां का नजारा तालाब की तरह बन जाता है।

### स्वच्छता सिर्फ कागजों में पूर्ण

गांव में जिस गली पर देखा जाए वहां पर कचरा और गंदगी का आलम बना हुआ है। पंचायत द्वारा गांव में स्वच्छता कार्य सिर्फ कागजों में दर्शाकर पूर्ण कर लिया जाता है। बताया जा रहा है कि कभी-कभार गांव में साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता दूत देखे जाते हैं। नालियों, सडकों व घरों के आस-पास कचरे के ढेर लगे हुए हैं। बरसाती पानी घरों के अंदर घुस रहा है। गांव की सडक़ों, मोहल्लें में आने-जाने पर बेहद परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है।

### नालियां चोक, सडक़ पर बजबजा रही गंदगी

बस्ती के अंदर जो तस्वीर कैमरे में कैद की गई उससे यही प्रतीत हो रहा है कि गांव के अंदर बनी नालियां पूरी तरह से चोक होकर गंदगी से बजाबजा रही हैं। नालियों की साफ-सफाई के अभाव में बस्ती के अंदर सड़कों पर जहां-तहां घरों से निस्तार के लिए निकलने वाले गंदा पानी बह रहा है।

### मनमर्जी से चल रही पंचायत

गांव के ग्रामीणजनों ने बताया कि पिछली 4 से 5 पंचायतों के कार्यकाल दौरान जो भी विकास कार्य मतवारी गांव में करवाये गये वह पूरी तरह से आधे अधूरे पड़े हैं। विकास कार्यों की राशि सरकार द्वारा पंचायत को मिली लेकिन उस राशि का सद्उपयोग कम दुरूपयोग ज्यादा हुआ है। गांव में जो दुर्दशा बनी हुई इसके लिए जिम्मेदार और कोई नहीं सिर्फ ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं वार्ड पंच ही हैं। गांव में विकास कार्यों के लिए प्राप्त राशि का बंदरबांट कर लिया जाता है। जिसके चलते गांव का विकास कार्य सही तरीके से नहीं हो पाते। मतवारी गांव की समस्याओं को लेकर ग्रामीणजनों ने उच्चाधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराते हुए ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों पर कार्रवाई एवं गांव का निरीक्षण करने आग्रह किया गया है।



## मास्क न लगाने वालों पर अभियान चलाकर की गई अर्थदंड की कार्यवाही

**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण के प्रसार पर रोकथाम एवं बचाव हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला कटनी प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देशों के परिपालन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन न करनें वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी एस.के.गर्ग ने बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए नियंत्रण की कार्यवाही हेतु निगम के अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो गोल बाजार एवं गर्ग चौराहा में अभियान चलाया जाकर 32 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न करने पर 6400 रूपये तथा 03 दुकानदारों पर पांच सौ रूपये प्रति व्यक्ति के मान से 1500 रूपये कुल 7900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि निगम के स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगाओं एवं स्वच्छता प्रभारियों द्वारा भी रोजाना अपनें अपनें जोनवार वार्डों संक्रमण के प्रसार पर रोकथाम हेतु चालानी कार्यवाही की जाकर नागरिकों को मास्क का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा आज अभियान के दौरान विभिन्न जोनों के सार्वजनिक स्थलों माधवनगर गेट मुख्य मार्ग एवं पुलिस चौकी के पास, रपटा नदी पुल के पास, बस स्टेण्ड पुलिस चौकी के पास अभियान के माध्यम से कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन कर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों पर धूमने वाले लोगों पर राशि रूपये 5400 रूपये कुल 13300 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

## चित्रकला का उद्देश्य उत्कृष्ट सृजन व बेहतर समाज का निर्माण है- डॉ. निधि पाठक



### देश-विदेश के 150 स्कूलों ने की प्रतिभागिता, सायना की इशिता अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित

**कटनी।** चित्रकला उत्कृष्ट सृजन का आधार डॉ. निधि पाठक सायना इंटरनेशनल स्कूल ने अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य शिक्षण सहगामी गतिविधियों में सहभागिता करने के लिए भी तैयार कर प्रोत्साहित करता है। इसी क्रम में आईसीएस इंस्टीट्यूट ऑफ कैरियर स्टडीज़ द्वारा आयोजित 12वीं अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता-2021 का आयोजन किया गया। जिसकी थीम थी जीवन के विविध रंग। इसमें देश-विदेश के लगभग 150 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें भारत के अलावा बांग्लादेश, दुबई और शारजाह आदि देशों के स्कूलों से 750 पेंटिंग शामिल हुई। जिसमें सायना के आर्ट शिक्षक चंद्रशेखर पाण्डे के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं की कला संकाय की छात्रा इशिता गोधवानी द्वारा तैयार की गई पेंटिंग को श्रेष्ठ 12 पेंटिंगों के अंतर्गत चयनित किया गया। इशिता की पेंटिंग को आईसीएस के इंटरनेशनल कैलेण्डर में अगस्त माह 2022 के लिए चुनकर प्रिंट किया है। सायना की ही वाणिज्य संकाय की छात्रा मीनाक्षी सिंह सिसोदिया की पेंटिंग को भी विशेष प्रशंसा के साथ कैलेण्डर में स्थान मिला हैं। छात्राओं की इस उपलब्धि पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक ने कहा कि चित्रकला का उद्देश्य उत्कृष्ट सृजन व बेहतर समाज का निर्माण है। विद्यार्थी चित्रकला के माध्यम से मानसिक तनाव को भी कम कर सकता हैं। सायना देश के लिए ऊर्जावान एवं आदर्श नागरिकों का निर्माण करता है जो देश के भविष्य होंगे। प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि चित्रकला के माध्यम से बच्चे अपने आंतरिक भावों की अभिव्यक्ति को कैनवास में उतारते हैं। सायना ऐसे बच्चों के पंखों को उड़ान देने के लिए विस्तृत आकाश के द्वार खोलता है। इसी का सफल सायना के बच्चे फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डेकोरेशन, फोटोग्राफी एवं फिल्म व एनीमेशन के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं। इस सफलता पर छात्राओं एवं उनके मार्गदर्शक चंद्रशेखर पाण्डे को अभिभावकों, शिक्षकों एवं समस्त सायना परिवार ने बधाई दी है।



## अभाविप ने चलाया रोको-टोको अभियान

### कोरोना संक्रमण के प्रति नागरिकों को किया जागरूक

**कटनी।** विगत मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट फॉर सेवा द्वारा रोको-टोको अभियान लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज कोरोना संक्रमण को बढ़ता देख एवं संक्रमण के बचाव के लिए मिशन चौक सुभाष चौक में सभी को मार्क्स एवं सैनिटाइजर वितरित किया गया जिससे हमारे कटनी जिले में संक्रमण ना पढ़ सके इसको देखते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मार्क्स लगाकर ही बाहर निकले ऐसा प्रेरित भी किया। जिसमें जिला संयोजक सिसेन रज़ा, जिला सह संयोजक सीमांत दुबे, नगर मंत्री ऋषभ मिश्रा, ओजस्वी ठाकरे, अखिल मिश्रा, अमर चौधरी, अभिनव तिवारी, ऋषभ त्रिपाठी, ऐश्वर्य, आयुष अवस्थी, अवध पांडे, सुजीत वर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## सार्वजिक मार्गों सहित नाले-नालियों की हुई साफ-सफाई

### स्वच्छता दूतों ने शहर के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाकर डोर टू डोर किया कचरे का संग्रहण









**कटनी।** स्वच्छता दूतों द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों में अभियान स्वरूप सफाई का कार्य किया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के साथ ही नगर के मुख्य मार्गो की सुंदरता हेतु डिवाईडरों की सफाई के साथ ही विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 के निर्धारित मापदंडों अनुरूप की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत दैनिक सफाई कार्य दौरान नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो, तिराहों, चौराहों, सहित सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेण्ड परिसर, मैकेनिक लाईन, मुक्तिधाम प्वाइंट, चांडक चौक, आजाद चौक सब्जी मंडी, गाटरघाट प्वाइंट, जालपा देवी वार्ड स्थित जालपा मंदिर के आसपास, एन.के.जे. सब्जी मंडी, महात्मा गांधी वार्ड रोहरा गली एवं जैन मंदिर गली, वीर सावरकर वार्ड आधारकाप स्थित बजाज हास्पिटल के पीछे एवं डॉ. बडगैंया के घर के पास, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित शुक्ला डेरी के पास स्थित मैदान की सफाई, रघुनाथ गंज वार्ड स्थित बताशा गली, घंटाघर प्वाइंट, माधवनगर गेट से सर्किट हाउस तक सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग, कावसजी वार्ड के विभिन्न स्थलों सहित शमशान घाट के अंदर भी सफाई का कार्य कराया गया। नगर के सार्वजनिक नाले नालियों के अपशिष्ट की सफाई व्यवस्था के तहत इंदिरा गांधी वार्ड स्थित कुठला स्कूल के पास पुलिया में लगे जाम को खुलवाकर सुगम पानी की निकासी के साथ ही जालपा देवी वार्ड स्थित तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पीछे जे.सी.बी मशीन से नाली की सफाई, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की नालियों की ढेरियों के उठाव का कार्य, कावस जी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती, छोटू वंशकार के घर के सामने, कटायेघाट मोड के पास स्थित बडे नाले, मंगलनगर पुलिया के बडे नाले की सफाई सहित अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई कराई जाकर सुगम पानी की निकासी के प्रयास किये गए।




## संपत्तिकर व जलकर शिविर में सवा लाख निगम कोष में जमा

### रोशन नगर में आयोजित हुआ राजस्व शिविर

**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष समय में निगम के बकाया करों के लक्ष्य की प्राप्ती एवं नागरिकों को नगर निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की राशि को आसानी से जमा करनें की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के कम्प्यूटर कक्ष के अतिरिक्त रोजाना नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक ने बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में वार्डवार आयोजित हो रहे शिविरों के तहत राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर परौहा मार्केट में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर दौरान निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शिविर स्थल में उपस्थित होने वाले करदाताओं को उनके संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि से अवगत कराते हुए संपत्तिकर कर की 62 रसीद काटी जाकर 110975 रूपये तथा जलकर की 4 रसीद के माध्यम से 3562 रूपये, बकाया करों के रूप में कुल 114537 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

### मटवारा से सबमर्सिबल पंप चोरी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में भी चोरों के हौसले लगातार बुलंद है। रात को मटवारा हार से किसान सोनेलाल चक्रवर्ती का खेत से सबमर्सिबल पंप चोर ले गया। सुबह जब खेत में किसान पहुंचा तो देखा कि पंप नहीं है। जिसकी लिखित शिकायत किसान ने थाने में दर्ज कराई।

# सीएमएचओ भी कोरोना की चपेट में, आधा सैकड़ा नए पॉजीटिव केस

## दो दिन पहले लक्षण होने पर कराई थी जांच, देर रात सुप्राटेक लैब से मिली 616 सेम्पल की रिपोर्ट

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के दौरान जिले में हर दिन करीब आधा सैकडा पॉजीटिव केस मिल रहे हैं। जनवरी में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या पांच सौ के आसपास पहुंचने जा रही है। बैंक, न्यायालय के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इस महामारी का शिकार हो रहे हैं। कल देर रात मिली रिपोर्ट में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) की रिपोर्ट भी पॉजीटिव आई है। इस खबर से पूरे स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प मच गया है। संक्रमण की पुष्टि होने के बाद सीएमचओ होम आईसोलेट हो गए हैं।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक 18 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 616 सेम्पल जांच के लिए सुप्राटेक लैब इंदौर भेजे गए थे। जिसकी रिपोर्ट कल बुधवार की देर रात मिली। इसमे सीएमएचओ सहित 50 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। इस तरह जनवरी के महीने में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या पांच सौ के आसपास पहुंचने जा रही है। राहत की बात यह है कि करीब 97 प्रतिशत मरीज कोरोना संक्रमण होने के बाद भी गंभीर नहीं है, यानि उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करने की नौबत नहीं आ रही है। जिसके चलते उन्हें होम आईसोलेशन पर ही रखा गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई के मुताबिक जिला चिकित्सालय में उन्हीं मरीजों को एडमिट किया गया है, जिनके यहां अलग से क्वारंटाइन होने की सुविधा नहीं थी।

### रेपिड एंटीजन किट से नहीं हो रही जांच

एक तरफ जिले में कोरोना संक्रमण पैर पसार रहा है तो वहीं दूसरी तरफ जिले में रेपिड एंटीजन किट नहीं है। राज्य सरकार द्वारा रेपिड एंटीजन किट उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि जिला चिकित्सालय में आपात स्थिति में भर्ती होने वाले मरीजों में कोविड संक्रमण की स्थिति का पता लगाने के लिए रेपिड एंटीजन किट से जांच की जाती है। इसके अलावा बाकी मरीजों के सेम्पल जांच के लिए सुप्राटेक लैब भेजे जाते हैं।

### इनका कहना है

पिछले दो दिन से फीवर आ रहा था। जिस पर सेम्पलिंग कराई थी। कल रात रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है, इसके बाद से ही होम आईसोलेशन पर हूं। सागर में फादर इन ला की तबियत खराब होने के बाद लगातार उनके साथ था।

**-डॉ. पी के मुढ़िया**
**सीएमएचओ**

### जनवरी में अब तक मिले कोरोना केसेस

| | | |
|---|---|---|
| 09 जनवरी | – | 08 |
| 10 जनवरी | – | 05 |
| 11 जनवरी | – | 22 |
| 12 जनवरी | – | 21 |
| 13 जनवरी | – | 45 |
| 14 जनवरी | – | 67 |
| 15 जनवरी | – | 62 |
| 16 जनवरी | – | 64 |
| 17 जनवरी | – | 55 |
| 18 जनवरी | – | 34 |
| 19 जनवरी | – | 58 |
| 20 जनवरी | – | 50 |

# पुलिस को लगा चोरों का सुराग, जल्द होगा खुलासा

### दुकान के पास किराए का मकान लेकर रहने वाले लोगों पर घूमी शक की सुई

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में मेन मार्केट स्थित संगीता ज्वेलर्स शॉप में मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात हुई तीन करोड़ रूपए की सनसनीखेज चोरी की वारदात का माधवनगर पुलिस को सुराग लग गया है। पुलिस का कहना है कि अगले कुछ दिनों में वारदात का पर्दाफाश हो जाएगा। बताया जाता है कि इस वारदात को बाहरी लोगों ने अंजाम दिया था, जो दुकान के आसपास एक किराए के मकान में रहते थे। कुछ दिन पहले ही ये लोग यहां आए थे, जो कि वारदात के बाद से ही गायब हैं। पुलिस की शक की सुई इन लोगों पर ही गई है लेकिन पुलिस अभी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। आरोपियों की पतासाजी के लिए टीमें भी तैयार कर ली गई है और उन्हें रवाना भी कर दिया गया है। माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा ने बताया कि चोरी की इस वारदात का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित मेन मार्केट में संगीता ज्वेलर्स में में सेंधमारी करते हुए अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरों ने दुकान के पीछे दीवार में सेंध लगाकर गैस कटर से तिजोरी को काटकर 6 किलोग्राम सोना और 10 किलोग्राम चांदी सहित अन्य जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया था। सोने और चांदी के जेवरातों की अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ रूपए के ऊपर बताई जा रही थी। बीच बाजार सनसनीखेज चोरी की वारदात से पूरे माधवनगर में हड़कम्प मच गया था, वहीं दूसरी तरफ पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान लग गया था। पुलिस ने बंगला लाइन निवासी सुरेश पाहुजा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए जाचं शुरू की थी।

### कांग्रेस नेता मिले पुलिस अधिकरियों से



माधवनगर में कांग्रेस नेता श्याम पाहुजा के भाई सुरेश पाहूजा की संगीता ज्वेलर्स में 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के सोने चांदी हीरे के आभूषणों की चोरी की जानकारी मिलते ही जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, पंकज गौतम, कल्लू राजकुमार विश्वकर्मा ने पुलिस अधिकारियों से चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

### साधूराम स्कूल के बाहर सड़क पर बह रहा मलमूत्र



शहर में एक तरफ स्वच्छता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ साधूराम स्कूल के बाहर सड़क पर मलमूत्र बह रहा है। यहां बने मूत्रालय से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी के साथ माहौल बदबूदार हो गया है।

## कचरे के विवाद पर हुए जानलेवा हमले में प्रौढ़ की मौत

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगला टोला में कचरे के विवाद पर दो दिन पहले हुए जानलेवा हमले में घायल गरीबा आदिवासी की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मृतक गरीबा आदिवासी और आरोपी रामजी कोल के बीच घर के सामने फेंके जाने वाले कचरा को लेकर दो दिन पहले बातचीत हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी घर से लोहे की राड निकाल लाया। इसके बाद भी सड़क में फेंके गए कचरा को लेकर एक दूसरे के ऊपर दोनों लोग आरोप लगाते रहे। बाद में आरोपी ने लोहे की राड से प्रौढ़ के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इससे मौके पर ही गंभीर होकर प्रौढ़ गिर गया। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। दो दिन इलाज के बाद घायल की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 302 के तहत मामला कायम किया गया है।

# रेलवे ने माल ढुलाई के लिए बनाया व्हाट्सएप ग्रुप

### व्यापारियों को ग्रुप से मिल रही माल की लोडिंग-अनलोडिंग की जानकारी

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल ने 2021 के दिसंबर माह में भी लादान और राजस्व में माल ढुलाई के आंकड़ों में उतरोत्तर वृद्धि प्राप्त की है। मिशन मोड़ के तहत पमरे ने तीनों मंडलों में माह दिसंबर 2021 में लोडिंग के क्षेत्र में नयी-नयी दशाओं और दिशाओं को खोज कर नये आयाम स्थापित किये है। पमरे ने अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादको को ढूंढ निकाला है और उनकी सुविधानुसार साइडिंगो को खोलने का उपक्रम भी किया। इसके साथ ही व्यापारियों को सूचना के वास्तविक समय के आदान-प्रदान के लिए माल ढुलाई का एक रेलवे व्हाट्सएप समूह ग्रुप बनाए गए हैं। जिसके सुखद और लाभदायक परिणाम स्वरूप पमरे ने दिसंबर में रुपये 4.31 करोड़ की रेलवे राजस्व प्राप्त किया। तीनों मण्डलों में व्यापार विकास इकाइयां 4बिजनेस डेवलपमेन्ट यूनिट स्थापित की गई है। जिसमें रेल अधिकारियों एवं लोडिंग करने वाले व्यापारियों का समूह नामित होता है। गौरतलब है कि माल ढुलाई को बेहद आकर्षक बनाने के लिए रेलवे द्वारा कई तरह की रियायतें, छूट एवं सुविधाएं भी दी जा रही हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। मिशन मोड पर पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों में स्थापित बीडीयू मार्केटिंग के तहत नई एवं पराम्परागत प्रमुख वस्तुओं से माल ढुलाई में रेल राजस्व प्राप्त किया है। उसमे जबलपुर मण्डल ने नयी फ्रेट लोडिंग के तहत कटनी-जबलपुर रेलखंड के निवार स्टेशन से आसनसोल के लिए एक रेक लाइम स्टोन की लोडिंग की गई, जिससे रेलवे को रुपये 40 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। पश्चिम मध्य रेल में माल ढुलाई को बहुत आकर्षक एवं व्यापारियों को सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें/छूट भी दी जा रही है। छोटे व्यापारियों के माल को ध्यान में रखकर नियमों में शिथिलता प्रदान की गई है। रेकों की ट्रेकिंग कर व्यापारियों को उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में वृद्धि की गई है।



कटनी-जबलपुर रेलखंड के निवार स्टेशन से लाइम स्टोन की लोडिंग से हुई 40 लाख की आय

# भोपाल बिलासपुर पैसेंजर व बलसाड़ पुरी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें रद्द

### कटनी-बिलासपुर रेलखंड के निगौरा-जैतहरी-छुलहा सेक्शन में तीसरी लाइन को जोड़ने का हो रहा कार्य



**कटनी।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत निगौरा-जैतहरी-छुलहा सेक्शन में तीसरी लाइन को जोड़ने का कार्य किया जाना है। आगामी 23 से 31 जनवरी तक होने वाले इस कार्य के चलते रेलवे ने इस रूट पर चलने वाली 19 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसके तहत 26 जनवरी को रानी कमलापति हबीबगंज से रवाना होने वाली 22169 रानी कमलापति हबीबगंज सांतरागाछी एक्सप्रेस, 27 जनवरी को संतरागाछी से रवाना होने वाली 22170 सांतरागाछी रानी कमलापति हबीबगंज एक्सप्रेस, 22 व 29 जनवरी को उदयपुर से रवाना होने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस, 23 व 30 जनवरी को शालीमार से रवाना होने वाली 20972 शालीमार.उदयपुर एक्सप्रेस, 23 जनवरी से 31 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली 18236 बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस, 22 से 30 जनवरी तक भोपाल से रवाना होने 18235 भोपाल.बिलासपुर एक्सप्रेस, 23, 25 व 30 जनवरी को दुर्ग से रवाना होने वाली 18203 दुर्ग कानपुर एक्सप्रेस, 24, 26 व 31 जनवरी को कानपुर से रवाना होने वाली 18204 कानपुर दुर्ग एक्सप्रेस, 20 व 27 जनवरी को बलसाड़ से रवाना होने वाली 22909 वलसाड.पुरी एक्सप्रेस, 23 व 30 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली 22910 पुरी वलसाड एक्सप्रेस, 25 व 28 जनवरी 2022 को दुर्ग से रवाना होने वाली 22867 दुर्ग निजामुद्दीन एक्सप्रेस व 26 व 29 जनवरी को निजामुद्दीन से रवाना होने वाली 22868 निजामुद्दीन दुर्ग एक्सप्रेस रद रहेगी। इसी तरह 21, 26 व 28 जनवरी को दुर्ग से रवाना होने वाली18201 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस, 23, 28 व 30 जनवरी को नौतनवा से रवाना होने वाली 18202 नौतनवा.दुर्ग एक्सप्रेस, 23 व 30 जनवरी को बीकानेर से रवाना होने वाली 20471 बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस, 26 जनवरी व दो फरवरी को पुरी से रवाना होने वाली 20472 पुरी बीकानेर एक्सप्रेस, 23 से 31 जनवरी तक बिलासपुर से रवाना होने वाली 18247 बिलासपुर.रीवा एक्सप्रेस, 22 से 30 जनवरी तक रीवा से रवाना होने वाली 18248 रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस और 23 से 31 जनवरी तक 08740-08739 बिलासपुर शहडोल बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद रहेंगी।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बहकी बाइक बिजली खंभे से टकराई, बाइक सवार युवकों की मौत

कटनी/रीठी। रीठी थाना अंतर्गत देवगांव के समीप बिलहरी–देवगांव मार्ग पर पड़ने वाले बाराती तालाब के समीप एक अज्ञात चार पहिया वाहन की ठोकर लगने से बहकी मोटरसाइकिल समीप लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। जिससे चालक सहित पीछे बैठे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना प पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए रीठी अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान सुजीत आदिवासी पिता ज्ञान आदिवासी ग्राम लमतरा थाना शाहनगर एवं पप्पू पिता फुंदा भूमिया निवासी ग्राम भक्का महगवां थाना शाहनगर पन्ना के रूप में की गई है। बुधवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि देवगांव के समीप बिलहरी–देवगांव मार्ग पर पड़ने वाले बाराती तालाब के समीप बाइक सवार दो लोग घायलावस्था में पड़े हैं। बाइक सवार मृतकों को ठोकर मारने वाला चार पहिया वाहन फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों घायलों को उठाया तो उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों शवों को रीठी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की टीम ने भी जांच उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## कमलेश के अर्धशतक से आयुध निर्माणी ने 8 विकेट से हराया टीसीए बड़वारा क्लब को

### 14वां युद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट



**कटनी।** फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में खेली जा रही 14वे यदु स्मृति लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन पहले मैच में आयुध निर्माणी ने टीसीए बड़वारा क्लब को 8 विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीसीए बड़वारा क्लब ने 23 ओवर में 111 रन बनाये। जिसमे आदित्य बेन ने 26 एवं राहुल पटेल ने 32 रन रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। जवाब में आयुध निर्माणी ने 2 विकेट खोकर 112 रन बनाकर में लक्ष्य प्राप्त किया। आयुध निर्माणी की ओर से कमलेश रॉय ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 52 रन बनाये। इस मैच में मनीष शर्मा एवं शुभम गुप्ता ने एम्पायर की भूमिका निभाई। जिला क्रिकेट संघ सचिव राजेश डेविड ने खेल प्रेमियों से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड पहुंचकर मैचों का लुत्फ उठाने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।


**आवश्यकता है**

CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों ( Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।

संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी मो. 7000922945, 9300937907

**बेचना है**

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें– मो. 9977761441 9425859026

**देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक**

डॉ. कनिका अग्रवाल M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय–सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी फोन-07622-236253, मो. 6266203009






**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता– टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें– 230033

**रत्ना मैरिज गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

पाठक वार्ड, कटनी संपर्क :- 9425466630, 7999523588

कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19–21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)